स्पीड पोस्ट

उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2
संख्या-32/2018/1428/सोलह-2-2018-01(ई)/2018
लखनऊ: दिनांक: 24 अगस्त, 2018

नियुक्ति/विज्ञप्ति

प्राविधिक शिक्षा विभाग (डिप्लोमा सेक्टर) उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक/राजकीय महिला पालीटेक्निक के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल, निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रधानाचार्य के पद पर वेतनमान रू0-15,600-39,100 ग्रेड वेतन रू0-7,600/- में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुये उनके नाम के सम्मुख अंकित तालिका के स्तम्भ-5 में अंकित संस्था में तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	श्रेष्ठता क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम/पिता का नाम	स्थायी पता	तैनाती की संस्था
1.	2	श्री आकाश बाजपेयी पुत्र स्व0 कमलेश बाजपेयी	ए-1-204, रेलकुंज, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद-201012	राजकीय पालीटेक्निक, मवाना, खुर्द, मेरठ
2.	5	श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री महेश सिंह राठी	पट्टी हाथरा, कस्बा-टीकरी, जिला-बागपत, उ0प्र0	राजकीय महिला पालीटेक्निक, शामली
3.	6	श्री अजय कुमार सिंह पुत्र श्री सूर्यनाथ सिंह	मकान नं0-118, ग्राम व पोस्ट- जहीराबाद, थाना-भुड़कुड़ा, जिला-गाजीपुर, उ0प्र0-232332	राजकीय पालीटेक्निक, चिन्दुरिया, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र
4.	9	श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री सुखपाल सिंह	28, भूतल, गोवर्धन अपार्टमेन्ट टाउनशिप सिटी, मथुरा, उ0प्र0- 281006	राजकीय पालीटेक्निक, सिकन्दराराव, एटा

2- संबंधित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3- संबंधित अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

4- संबंधित अभ्यर्थियों की पारस्परिक ज्येष्ठता सुसंगत नियमावली के प्राविधानों के अनुरूप बाद में निर्धारित की जायेगी।

5- उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से संबंधित अभ्यर्थी 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रहेंगे।

भुवनेश कुमार
सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को लो0 आयोग से प्राप्त संबंधित अभ्यर्थियों के मूल प्रपत्रों की प्रतियां संलग्नकों सहित उक्त के साथ इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रपत्रों को संबंधित अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत पत्रावली में संरक्षित करने का कष्ट करें।

3- कोषाधिकारी, मेरठ/शामली/सोनभद्र/एटा।

4- प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, मवाना, खुर्द, मेरठ/राजकीय महिला पालीटेक्निक, शामली/राजकीय पालीटेक्निक, चिन्दुरिया, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र एवं राजकीय पालीटेक्निक, सिकन्दराराव, एटा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संबंधित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यभार ग्रहण करने की सूचना और निर्धारित समय के अन्दर कार्यभार ग्रहण न करने की सूचना शासन व निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।